दिन–सोमवार दिनांक– 11 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राजगीर में आज से महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप की शुरूआत। पहले दिन के लीग मैच में भारत और चीन की टीमों ने जीत हासिल की। थाइलैंड और कोरिया के बीच मैच टाई रहा।

02. प्रदेश की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए प्रचार का शोर थमा। तेरह नवम्बर को होगा मतदान।

03. राज्य के उन्नीस जिलों के एक हजार पांच सौ अस्सी पैक्स के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू।

04. और, आतंकी फंडिंग मामले में एनआईए की टीम ने सीवान जिले के सराय थाना क्षेत्र में एक संदिग्ध के आवासीय परिसर में छापेमारी की।

---

महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी प्रतियोगिता आज से राजगीर में शुरू हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों की हौसलाआफजाई की। उद्घाटन के अवसर पर स्टेडियम परिसर में शानदार आतिशबाजी की गई। आज कुल तीन मैच खेले गए। भारत की टीम ने मलेशिया को एक रोमांचक मुकाबले में चार–शून्य से पराजित किया। वहीं, जापान और दक्षिण कोरिया के बीच रोमांचक मुकाबला दो–दो की बराबरी पर रहा। वहीं एक अन्य मैच में चीन ने थाईलैंड को पन्द्रह शून्य के विशाल अंतर से पराजित किया। भारतीय हॉकी टीम के कोच हरेन्द्र सिंह ने टीम के प्रदर्शन पर संतोष जताया है।

–––बाईट–––

प्रतियोगिता में भारत के अलावा, चीन, जापान, मलेशिया, कोरिया और थाईलैंड की टीमें भाग ले रही हैं। खेल का समापन बीस नवंबर को होगा। इस आयोजन में फाइनल सहित कुल बीस मैच होंगे। यह पहली बार है जब बिहार इस तरह के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय खेल की मेजबानी कर रहा है। इन मैचों का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्टस् के अलावा अन्य निजी टीवी चैनलों पर भी किया जा रहा है। साथ ही आईपीआरडी के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी मैच का प्रसारण किया जा

रहा है। इधर, राज्य के खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने एशियाई महिला चैंपियंस ट्रॉफी की शुरूआत को एक ऐतिहासिक क्षण बताया।

———बाईट———

कुछ खेल प्रशंसको ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में इस आयोजन को बिहार के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

———बाईट———

————————————————————————————

प्रदेश की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए आज शाम प्रचार का शोर थम गया। इन क्षेत्रों में तेरह नवम्बर को मतदान होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि उप चुनाव के प्रचार में एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए एनडीए की ओर से जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा समेत अन्य नेताओं ने चुनाव प्रचार अभियान में हिस्सा लिया। वहीं, इंडिया गठबंधन की ओर से राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य समेत गठबंधन के कई वरिष्ठ नेताओं ने अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए जमकर पसीना बहाया। दूसरी तरफ जनसुराज के संयोजक प्रशांत किशोर और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती ने भी अपने प्रत्याशियों के समर्थन में एड़ी–चोटी का जोर लगा दिया। समाचार कक्ष से मै कामिनी ठाकुर।

विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल अड़तीस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक चौदह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं, तरारी विधानसभा क्षेत्र से दस, इमामगंज से नौ और रामगढ़ से पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। प्रमुख उम्मीदवारों में बेलागंज में जदयू से मनोरमा देवी और राजद से विश्वनाथ कुमार सिंह अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। तरारी से इंडिया गठबंधन से भाकपा माले के राजू यादव, भाजपा से विशाल प्रशांत और जन सुराज पार्टी की किरण सिंह अपनी किस्मत आजमा रही हैं। वहीं, इमामगंज विधानसभा क्षेत्र से हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा की दीपा कुमारी, राजद से रौशन कुमार और जन सुराज से जितेन्द्र पासवान प्रमुख उम्मीदवार हैं। इधर, चुनाव को लेकर संबंधित विधानसभा सीटों सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इन क्षेत्रों में बारह लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग ने इन क्षेत्रों में एक हजार दौ सतहत्तर मतदान केन्द्र बनाये हैं।

———————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने जनसुराज पार्टी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें बिहार विधानसभा की चार सीटों पर हो रहे उप चुनाव के लिए मतदान की तिथि बीस नवंबर करने की मांग की गई थी। न्यायामूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने से इंकार करते हुए इसे खारिज कर दिया।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। आज से ही नामांकन पत्र भरने का काम भी शुरू हो गया है। प्रत्याशी अठारह नवंबर तक नामांकन पत्र भर सकेंगे। उन्नीस नवंबर को नामांकन पत्रों की जाँच होगी जबकि प्रत्याशी इक्कीस नवंबर तक नाम वापस ले सकेंगे। मतदान पाँच दिसम्बर को होगा और मतों की गिनती नौ दिसंबर को होगी। गौरतलब है कि देवेशचन्द्र ठाकुर के सांसद चुने जाने के बाद इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है।

———————————————————————

प्रदेश के उन्नीस जिलो के एक हजार पांच सौ अस्सी पैक्स के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस चरण के नामांकन की अंतिम तिथि तेरह नवम्बर तक निर्धारित है। अभ्यर्थी उन्नीस नवम्बर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान छब्बीस नवम्बर को होगा। मतदान के दिन या उसके अगले दिन मतों की गिनती होगी। पैक्स चुनाव के लिए अध्यक्ष और सचिव सहित बारह पदों के लिए मतदान होगा। अध्यक्ष और सचिव का पद अनारक्षित होगा।

———————————————————————

राष्ट्रीय जाँच एजेंसी–एनआईए ने आज सीवान जिले के सराय थाना क्षेत्र के पुराना किला पोखरा निवासी अख्तर अली के आवासीय ठिकाने पर छापेमारी की है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जाँच एजेंसी ने लगभग पाँच घंटे तक छापेमारी की।

इस दौरान घर के सदस्यों से पूछताछ भी की गई। यह छापेमारी आतंकी फंडिंग के मामले में की गई है। गौरतलब है कि अख्तर अली के बेटे सुहैल के बैंक खाते को एनआईए ने संदिग्ध लेनदेन के मामले में छह महीने पहले फ्रीज कर दिया था। सुहैल का जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश मे फल का कारोबार है।

———————————————————————

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने आज भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में उन्हें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड का स्थान लिया है, जो कल सेवानिवृत्त हो गए। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित अन्य लोग शामिल हुए।

———————————————————————

देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती आज शिक्षा दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के पुनाईचक में मौलाना अबुल कलाम आजाद के नाम पर नवनिर्मित पार्क का लोकार्पण किया। श्री कुमार ने मौलाना अबुल कलाम आजाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इधर, पटना के ज्ञान भवन में आयोजित शिक्षा पुरस्कार समारोह में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने उल्लेखनीय योगदान के लिए कई शिक्षकों को सम्मानित किया। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि शिक्षकों की स्थनांतरण नीति में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि वैसे जिले जहाँ सिर्फ एक अनुमंडल है, वहाँ के शिक्षकों को जिले से बाहर नही भेजा जाएगा। वहाँ के शिक्षकों की पोस्टिंग अनुमंडल के अंदर ही होगी।

———बाईट———

———————————————————————

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज चौधरी आज दो दिवसीय दौरे पर बेगूसराय पहुंचे। श्री चौधरी ने बेगूसराय में पार्टी कार्यकर्ताओं से

मुलाकात की। श्री चौधरी कल जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। गौरतलब है कि बेगूसराय जिला देश के आकांक्षी जिलों में शामिल है।

————————————————————————————

दरभंगा के शोभन में प्रस्तावित एम्स का तेरह नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिलान्यास करेंगे। स्थानीय सांसद गोपालजी ठाकुर ने आज शिलान्यास स्थल पर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

————————————————————————————

छठ महापर्व के बाद अपने कार्य स्थलों की ओर लौट रहे लोगों की सुविधा के लिए रेलवे ने विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन के साथ–साथ रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं की व्यवस्था की है। रेलवे की ओर से की गई व्यवस्थाओं पर यात्रियों ने प्रसन्नता जताई है।

———बाईट———

————————————————————————————

प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले चार दिनों तक तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नही है। इसके बाद रात्रि के तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

————————————————————————————

पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कमला नेहरू नगर के पासवान टोली में असामाजिक तत्वों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में एक दारोगा समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

————————————————————————————

अररिया जिले के बसमतिया सीमावर्ती थाना क्षेत्र से पुलिस और एसएसबी के टीम ने तीन सौ चौबीस लीटर नेपाली शराब बरामद की।

———————————————————————

जमुई जिले के खैरा थाना क्षेत्र के नवडीहा गांव में मोटरसाइकिल रेस लगाने के दौरान आपस में तीन मोटरसाइकिल टकरा गई। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————

पूर्णियां के मरंगा में यात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में छह यात्री घायल हो गए, जिसमें दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

———————————————————————

01. राजगीर में आज से महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप की शुरूआत। पहले दिन के लीग मैच में भारत और चीन की टीमों ने जीत हासिल की। थाइलैंड और कोरिया के बीच मैच टाई रहा।

02. प्रदेश की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए प्रचार का शोर थमा। तेरह नवम्बर को होगा मतदान।

03. राज्य के उन्नीस जिलों के एक हजार पांच सौ अस्सी पैक्स के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू।

04. और, आतंकी फंडिंग मामले में एनआईए की टीम ने सीवान जिले के सराय थाना क्षेत्र में एक संदिग्ध के आवासीय परिसर में छापेमारी की।

———————————————————————

समाप्त हुआ।